डाइनामाइट न्यूज़

सिसवा बाजार में एक अस्पताल पर छापेमारी, लाखों की नकली दवाएं बरामद, बिना लाइसेंस के चल रहा था मेडिकल स्टोर व हास्पिटल

सिसवा बाजार में एक अस्पताल पर छापेमारी, लाखों की नकली दवाएं बरामद, बिना लाइसेंस के चल रहा था मेडिकल स्टोर व हास्पिटल बता दें कि मंगलवार को सिसवा कस्बे के मुर्खजी नगर वार्ड में स्थित रायपुर चौराहे पर एसके मेडिकल स्टोर पर औषधि निरीक्षक ने छापेमारी की गई। मेडिकल स्टोर संचालक शैलेन्द्र कुमार सिंह से ज़ब लाइसेंस मांगा गया तो वह नहीं दिखा पाये। उसके बाद स्टोर की जांच में भारी मात्रा मे अवैध दवाएं बरामद की गई। मेडिकल स्टोर संचालक व पकड़ी गई दवाओं को कोठीभार थाने ले जाया गया। इस संदर्भ मे औषधि निरीक्षक शिव मनोहर नायक ने बताया कि बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर का संचालन हो रहा था। करीब दो लाख मूल्य के 80 प्रकार की अवैध दवाएं बरामद की गई हैं। प्रयोगशाला जांच के लिये दवाओं के नमूने भेजे जा रहे हैं। रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। मेडिकल स्टोर में चल रहा था अस्पताल बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर में चल रहे अस्पताल में छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में दवाएं बरामद की गई। ज़ब औषधि निरीक्षक शिव मनोहर नायक से मेडिकल स्टोर मे चल रहे अस्पताल के बारे मे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि हम सिर्फ दवाओं और लाइसेंस की जांच कर सकते हैं। इसमें चल रहे मरीजों के इलाज के मामले में जांच सीएमओ के अधिकार क्षेत्र में आता है। पहले भी हो चुकी करोड़ों की नकली दवाएं बरामद इससे पूर्व भी कस्बा के एक मेडिकल स्टोर पर करीब 600 करोड़ रूपए से अधिक की दवाएं कुछ वर्ष पूर्व बरामद की जा चुकी हैं। इसके बाद नकली दवाओं का यह दूसरा मामला प्रकाश में आया है।

Source: https://hindi.dynamitenews.com/story/raid-on-a-hospital-in-siswa-market-fake-medicines-worth-lakhs-recovered-medical-store-and-hospital-were-running-without-license#google_vignette\